हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 सर्व पिछड़ा समाज की कार्यकारिणी को भंग...



12 शाहवाड़ा स्कूल में सड़क, महिला सुरक्षा और साइबर...






## खबर संक्षेप

### थायराईड गोली खाने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत बड़गांव निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश साहू पिता स्व. हेमलाल साहू का अधिक मात्रा में दवाई का सेवन करने से 26 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अधिक मात्रा में थायराईड गोली का सेवन कर लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत गोविंदपुर निवासी 28 वर्षीय यश कुमार साहू पिता सुदामा राम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा कुछ समय से किराये के मकान में रह रहा था। अज्ञात कारणों के चलते 6 जुलाई को सुबह 8 बजें फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की शिल्पा बनीं उपाध्यक्ष

**कांकेर।** नरहरपुर जनपद पंचायत की सदस्य शिल्पा साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्ष 2015 से समाज



सेवा में सक्रिय शिल्पा साहू महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, वृक्षारोपण, करियर मार्गदर्शन और जनकल्याणकारी गतिविधियों में लगातार योगदान दे रही हैं। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ और अधिक सशक्त होकर समाजहित में प्रभावी कार्य करेगा।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा के नतीजे

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6 वीं प्रवेश चयन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 5 जुलाई को आयोजित हुई थी। परिणाम जिला वेबसाइट एवं संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध है। अभ्यर्थी 9 जुलाई शाम 5 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, कांकेर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद 11 जुलाई को अंतिम मेरिट सूची जारी होगी, जबकि चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**कांकेर।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और अखंडता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिए सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। समाज कल्याण विभाग के अनुसार ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक आवेदक 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

# हाईवे पर बेबस दिव्यांग वृद्ध की जनसहयोग संस्था ने की मदद और परिजनों से मिलाया

*राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़भाड़ के बीच घिसटते हुए आगे बढ़ रहे एक दिव्यांग वृद्ध की बेबसी ने राहगीरों का ध्यान तो खींचा, लेकिन अधिकांश लोग केवल तमाशबीन बने रहे। किसी ने भीख देकर आगे बढ़ जाना ही उचित समझा, परंतु जब इसकी जानकारी एक जनसहयोग समाजसेवी संस्था तक पहुंची तो उसकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मानवता की मिसाल पेश करते हुए न केवल वृद्ध की सहायता की, बल्कि उसे सुरक्षित उसके परिवार तक भी पहुंचाया। संस्था ने वृद्ध के भोजन, उपचार और आर्थिक सहायता की जिम्मेदारी भी उठाई, जिससे परिजनों की आंखें नम हो गईं।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दिव्यांग वृद्ध सड़क पर घिसटते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचने का प्रयास कर रहा था। व्यस्त मार्ग पर लोगों की आवाजाही लगातार जारी थी, लेकिन किसी ने भी उसकी वास्तविक परेशानी जानने का प्रयास नहीं किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद समाजसेवी संस्था की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और वृद्ध से बातचीत कर उसकी स्थिति को समझा। पूछताछ में पता चला कि वृद्ध शहर के एक ▶▶| शेष पेज 10 पर

*» वृद्ध के भोजन उपचार की जिम्मेदारी ली तो परिजनों की आंखें भर आई*

*» मानवता की मिसाल दी और घर पहुंचाकर आर्थिक मदद और बेहतर उपचार का दिया भरोसा*



### संस्था ने आगे भी उपचार करवाने दिया भरोसा

*संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने केवल वृद्ध को घर पहुंचाने तक ही अपनी जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी। साथ ही संस्था ने आश्वासन दिया कि आगे उपचार में जो भी खर्च आएगा, उसमें भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। संस्था के सदस्यों ने वृद्ध को कुछ दिनों तक पूर्ण विश्राम करने, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। वृद्ध ने भी इस सलाह का पालन करने का भरोसा दिलाया।*

## नियमों को ताक पर रखकर गलत ढंग से वसूली की गई 18 प्रतिशत जीएसटी

# भानुप्रतापपुर सीएचसी लेबोरेटरी में घपला, 10 लाख की खरीदी संदिग्ध

*कृषि केंद्र और अपात्र फर्मों से लाखों की खरीदी*

*कार्य आदेश में जेम से खरीदी के प्रावधान की उपेक्षा*

*कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रस्तावित लैबोरेटरी स्थापना के नाम पर 10 लाख रुपये की शासकीय राशि के उपयोग में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा संबंधित फर्मों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खास खबर


शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में लेबोरेटरी स्थापना के लिए 10 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। कार्य आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि सभी आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की खरीदी केंद्र सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसके बावजूद ग्राम पंचायत नारायणपुर के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और कथित रूप से अपनी पसंदीदा निजी फर्मों से खुले बाजार के माध्यम से खरीदी कर शासकीय नियमों की अनदेखी की।

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत नारायणपुर द्वारा नरेन्द्र ट्रेडर्स को 3 लाख 60 हजार 86 रुपये, धीरेंद्र शुक्ला की फर्म को 3 लाख 24 हजार 736 रुपये तथा दुबे कृषि सेवा केंद्र को 3 लाख 15 हजार 178 रुपये का भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन तीनों फर्मों से लैबोरेटरी उपकरण खरीदे गए, जबकि इनमें से एक फर्म कृषि सामग्री के व्यवसाय से जुड़ी है। ऐसे में कृषि केंद्र से मेडिकल एवं प्रयोगशाला उपकरणों की खरीदी कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

### मेडिकल उपकरणों की सप्लाई का वैधानिक अधिकार नहीं




*शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि जिन निजी फर्मों से लाखों रुपये के मेडिकल उपकरण खरीदे गए, उनके पास मेडिकल अथवा प्रयोगशाला संबंधी तकनीकी सामग्री की आपूर्ति करने का वैधानिक पंजीकरण या आवश्यक व्यावसायिक अधिकार नहीं है। यदि यह तथ्य जांच में सही पाया जाता है तो खरीदी प्रक्रिया की वैधता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग सकता है।*



### नियमों के उल्लंघन का भी आरोप

*शिकायतकर्ता ने बताया कि यह तीनों फर्में जीएसटी कंपोजिशन स्कीम के तहत पंजीकृत हैं। नियमानुसार ऐसी फर्मों पर केवल 1 प्रतिशत जीएसटी देय होता है और वे ग्राहक से किसी भी प्रकार का इनपुट टैक्स वसूल नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित फर्मों ने अपने बिलों में 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर भुगतान प्राप्त किया, जिससे शासकीय कोष को आर्थिक क्षति पहुंची। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत द्वारा इन बिलों का सत्यापन किए बिना भुगतान कर दिया गया, जिससे पूरे भुगतान की प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है।*

### उच्चस्तरीय जांच-एफआईआर की मांग

*शिकायतकर्ता सीतेश कुमार हिडको ने जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायत में उन तीनों फर्मों के विरुद्ध भी धोखाधड़ी, फर्जी जीएसटी वसूली और शासकीय धन के दुरुपयोग के आरोपों की जांच कर एफआईआर दर्ज करने तथा यदि आरोप सिद्ध हों तो शासकीय राशि की शत-प्रतिशत वसूली करने की मांग की गई है।*

### पुलिस की दो रेड में 20 लीटर शराब बरामद, महिला समेत दो गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले में चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पुलिस ने अवैध महुआ शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग



मामलों में 20 लीटर अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब जब्त कर एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। 7 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अंतागढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गढ़पारा अंतागढ़ एवं पोड़गांव में घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान गढ़पारा अंतागढ़ निवासी 40 वर्षीय उमेश कुमार निषाद के कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में रखी 4 लीटर अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब तथा शराब बिक्री की 100 रुपये की राशि बरामद की गई।

समरथ पारा, पोड़गांव थाना अंतागढ़ निवासी 30 वर्षीय सुषमा नरेटी के कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में रखी 16 लीटर अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 600 रुपये बरामद की गई। कांकेर पुलिस ने मनकेशरी निवासी रमेश कुमार मौर्य पिता घसियाराम के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब, हल्बा चौकी पुलिस ने आरोपी भैसाकट्टा निवासी 35 वर्षीय धनपाल महावीर पिता हिरदे के कब्जे ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नशे में रोज बवाल, किरायेदार पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के बरदेभाठा क्षेत्र में किरायेदारों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद मंगलवार को मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत किया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे बंगूरकेला थाना दुलदुला जिला जशपुर हाल बरदेभाठा निवासी 41 वर्षीय अनिवर कुजूर ने पुलिस को बताया कि अपनी बहन से मिलने बरदेभाठा स्थित किराए के मकान पहुंचे थे। उनका आरोप है कि उसी मकान में रहने वाला मनमीत सिंह अक्सर शराब के नशे में उनके परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है।

शिकायत में कहा गया है कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज करता है, किराये का कमरा खाली कराने की धमकी देता है तथा उनकी बहन का दूसरे स्थान पर तबादला कराने की बात कहकर दबाव बनाता है। उनका परिवार जब भी किसी अन्य स्थान पर किराये का मकान लेने का प्रयास करता है, तब आरोपी अन्य लोगों के माध्यम से मकान मालिकों को कमरा किराये पर नहीं देने के लिए प्रभावित करता है। समझौते का आश्वासन देने के बाद भी आरोपी दोबारा विवाद और झगड़ा करता है। उन्होंने जब रोज-रोज विवाद करने का कारण पूछा तो मनमीत सिंह ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाव के दौरान उन्होंने आरोपी को धक्का दिया, जिससे वह दीवार से टकरा गया। इसके बाद आरोपी दोबारा हमला किया। साथ ही उनकी भांजी साक्षी सिन्हा के साथ भी आरोपी द्वारा अभद्र व्यवहार, मारपीट तथा घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनमीत सिंह के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## स्टाफ की कमी और बढ़ते कार्यभार को लेकर पटवारियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की जिला शाखा कांकेर ने बुधवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार दुर्गुकोंदल को विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ ने जिले के पटवारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी की गई या बिना कारण कार्रवाई जारी रही तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन में बताया गया कि दुर्गुकोंदल, पखांजूर, बांदे और कोयलीबेड़ा तहसीलों में पटवारियों की भारी कमी है। कई कर्मचारियों को दो-दो और तीन-तीन हल्कों का अतिरिक्त प्रभार संभालना पड़ रहा है, जिससे कार्य का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। संघ ने इन तहसीलों में शीघ्र नए पटवारियों की नियुक्ति की मांग की है। पटवारी संघ ने वर्षाकाल में नक्शा बटांकन कार्य



कराने के दबाव पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि बारिश के दौरान इस कार्य में त्रुटियों की संभावना अधिक रहती है, जिससे किसानों के मामलों में विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। इसलिए इस कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना आवश्यक है। संघ ने समयमान वेतनमान, स्थायीकरण और अवकाश संबंधी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की भी मांग उठाई। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आश्रम-छात्रावासों की शिक्षा व व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

***दुर्गूकोंदल।*** *विकासखंड दुर्गूकोंदल में जनपद पंचायत की शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष आनंद तेता ने आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के प्रवेश, छात्रावास संचालन, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई।*

## पत्नी से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी, पति पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थाना क्षेत्र के कुम्हारपारा में एक पारिवारिक विवाद उस समय हिंसक रूप ले बैठा, जब पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे आपसी मतभेद के बीच कथित रूप से मारपीट की घटना सामने आई। प्राइवेट बैंक की बीसी सहेली शाखा में कार्यरत एक महिला ने अपने पति पर बेबुनियाद शक के चलते गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुम्हारपारा निवासी 29 वर्षीय करिश्मा तिवारी ने थाना नरहरपुर पहुंचकर लिखित आवेदन देते हुए पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 2014 में वेदप्रकाश तिवारी से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। वर्तमान में वह आईडीबीआई बैंक की बीसी सहेली शाखा में कार्यरत हैं। पीड़िता का आरोप है कि उनका पति अक्सर उनके बैंक में काम करने और अन्य लोगों से बातचीत



करने को लेकर संदेह करता है। इसी वजह से घर में आए दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है। महिला के अनुसार 6 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे पति की बहनें घर आई हुई थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर पति अचानक आक्रोशित हो गया और घर के भीतर तथा बाहर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान पति ने जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी के डंडे से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद महिला ने पुलिस की शरण लेकर न्याय की गुहार लगाई। नरहरपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी वेदप्रकाश तिवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा115(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# डीएमएफ के अधूरे कार्यों पर कलेक्टर की सख्ती, अप्रारंभ प्रोजेक्ट होंगे निरस्त

*जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत विकास कार्यों में हो रही देरी पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित डीएमएफ प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन कार्यों की स्वीकृति के बावजूद अब तक शुरुआत नहीं हुई है और जो अनावश्यक रूप से लंबित पड़े हैं, उन्हें तत्काल निरस्त कर संबंधित राशि शासन को वापस जमा कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी और जनहित के कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं।

### समयबद्ध क्रियान्वयन और नई कार्ययोजना के प्रबंधन पर दिया जोर




### संबंधित सभी विभागों की जिम्मेदारी

*कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ की राशि खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनकल्याणकारी कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाती है। इसलिए इसका प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।*

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को सुबह साढ़े 11 बजे आयोजित बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत निर्माणाधीन एवं अपूर्ण कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में वर्षवार और विभागवार स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों पर आबंटित राशि, उसकी उपयोगिता तथा वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। समीक्षा के दौरान कई ऐसे कार्य सामने आए, जिनकी स्वीकृति के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका या लंबे समय से प्रगति अत्यंत धीमी रही। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी कार्यों की सूची तैयार कर उन्हें तत्काल निरस्त करने तथा संबंधित राशि शासन को वापस जमा कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए। ▶▶| शेष पेज 10 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मिंगाचल नदी पर बन रहा एनीकट



**बीजापुर।** जिले में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बीजापुर आवर्धन जल प्रदाय योजना के अंतर्गत मिंगाचल स्थित बेरूदी नदी पर एनीकट निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इस एनीकट के निर्माण से बीजापुर शहर के लिए वर्षभर पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही नदी में जल संरक्षण बढ़ेगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार, जल संवर्धन तथा स्थानीय लोगों और पशुओं के लिए निस्तारी की बेहतर सुविधा सुनिश्चित होगी। यह परियोजना केवल पेयजल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में सतत जल प्रबंधन को भी मजबूत करेगी। एनीकट बनने से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा और आसपास के क्षेत्रों में जल उपलब्धता में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद बीजापुर शहर के नागरिकों को अधिक सुरक्षित, नियमित और बेहतर पेयजल सुविधा प्राप्त होगी, वहीं जल संरक्षण की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जिले में अब तक 271.2 मिमी. वर्षा दर्ज

बीजापुर। कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 271.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 378.6 मिमी. औसत वर्षा भैरमगढ़ में दर्ज की गई है। इसी तहर कुटरू में 375.0 मिमी. वर्षा, बीजापुर में 318.0 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 232.7 मिमी. वर्षा, गंगालुर में 223.0 मिमी. वर्षा एवं उसूर में 99.9 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# माड़ इलाके में बोड़ा के लिए लंबा इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार**

इंद्रावती नदी पार माड़ इलाके के गांव में इस साल बोड़ा के लिए ग्रामीणों को लंबा इंतजार करना पड़ा। समयावधि के बाद उत्पादन से संग्राहक आय से वंचित रह गए। ग्रामीण लेट लतीफी का कारण अनुकूल माहौल का अभाव बता रहे हैं। भैरमगढ़

- **शुरुआत में जात बोड़ा का दाम 3 हजार प्रति किलो के आसपास रहा**

ब्लॉक के कोशलनार, मंगनार, मटासी, तोड़मा, बुड़दुम, गोमटेर, मटासी और तुषवाल आदि माड़ इलाके के गांव साल वन से आच्छादित है। प्रतिवर्ष इन इलाके के लोग बोड़ा संग्रहण से अच्छी आय अर्जित करते रहे हैं। लेकिन इस साल कमाई घट गई। उत्तर बस्तर और मध्य बस्तर के वनग्राम के रहवासी 45 दिन पहले से ही बोड़ा संग्रहण कर रहे हैं। वही अबूझमाड़ के साल वनों में हाल- फिलहाल बोड़ा निकलना शुरू हुआ है। कोशलनार, मंगनार आदि माड़ इलाके में पहले चरण का जात बोड़ा का प्राकृतिक उत्पादन ही नहीं हो पाया। इस समय इन गावों में दूसरे चरण का लाखड़ी बोड़ा का संग्रहण किया जा रहा है। इस तरह से जात बोड़ा संग्रहण से मिलने वाली आमदनी और इस सब्जी के जाएके से वंचित रह गए। माड़ इलाके के ग्रामीणों की जीविका मुश्किल से चलता है। ऐसे में मंहगे दाम पर बोड़ा खरीदना इनके लिए संभव नहीं है। शुरुआत में जात बोड़ा का रेट लगभग 3 हजार रुपये प्रति किलो के आसपास रहा।





वही यह सब्जी हर जगह सहजता से नहीं मिल रहा था, केवल जगदलपुर में ही बोड़ा की बिक्री होती थी। माड़ इलाका कोशलनार- मंगनार में देर से बोड़ा उत्पादन का कारण ग्रामीण अनुकूल जलवायु का अभाव बता रहे हैं। करका निवासी बुधरी ने बताया कि इस साल जून में बारिश नहीं हुई। इस कारण साल के पत्ते सड़ नहीं पाए और पहले चरण का जात बोड़ा नहीं निकल पाया।

### बोड़ा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व

थलेश ठाकुर के मुताबिक बोड़ा को टयूब टयूबर मशरूम भी कहा जाता है। जेठ की पहली फुहार में बोड़ा का प्राकृतिक उत्पादन होता है। इसका स्वाद लजीज होने के कारण लोग बड़े चाव से खाते है। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो गुणकारी है। प्राकृतिक फंगस से साल वृक्ष के नीचे मिट्टी में पनपने वाले बोड़ा की दो वैराइटी होती है। इसे जात या जेठहा बोड़ा और दूसरी किस्म को लाखड़ी बोड़ा कहा जाता है। पहली किस्म जेठ की पहली फुहार में निकलता है। इसका रंग मटमैला या काई की तरह नजर आता है। गुदा और उपरी परत नरम होता है। जबकि लाखड़ी बोड़ा का उपरी भाग सख्त और स्वाद में हल्का कड़ुवा होता है। इन दिनों मिलने वाला बोड़ा लाखड़ी है जो श्रावण पूर्णिमा तक वनग्राम में संग्रहण किया जाएगा।

## आठ युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

# कांग्रेस को मिली नई ताकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, जनहितैषी विचारधारा और संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर आठ युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अहमद रिज़वी तथा जिला पंचायत

- **देवती कर्मा, शकील रिज़वी और तुलिका कर्मा की मौजूदगी में ली कांग्रेस की सदस्यता**

सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में सभी नवप्रवेशी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में अक्षय कुमार ठाकुर, अजय मुड़मी, डमरू ठाकुर, हिंगा राम बारसा, धर्मदेव ठाकुर, अर्जुन तेलम, प्रदीप भोगामी और सक्षम गहलोद शामिल हैं। सभी युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी, युवा और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं और युवाओं के जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।





जिला कांग्रेस अध्यक्ष शकील अहमद रिज़वी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के प्रति समर्पण पर लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चला रही है और युवाओं की भागीदारी से कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सभी नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व का अवसर देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि समाज और क्षेत्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा उनके जुड़ने से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नए सदस्य कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवप्रवेशी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र गुप्ता, मनीष भट्टाचार्य, मनु वर्गीश, मनोज कौरव, सत्यभान सिंह जादौन, रितेश जैन, विवेक देवांगन, मंगल यादव, इंदिरा शर्मा, इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, ज्योति राव, राधा साहू, संजय विश्वकर्मा, वेदांत पांडे, त्रिशंक ठाकुर, जीतू कश्यप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मना



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

विकासखंड गीदम में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी व जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में प्रवेश कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। अतिथियों ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी के सामूहिक सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तकों एवं स्कुल बैग अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

साथ ही शिक्षा के महत्व एवं विद्यालय से जुड़ाव को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ने विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र के प्रति उत्साह का वातावरण निर्मित किया तथा शिक्षा के प्रति समाज की सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, ममता मंडावी, शकुंतला भास्कर, नवीन विश्वकर्मा, दिनेश कौशल, कुणाल ठाकुर, सुदराम भास्कर, बैशुराम मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, खंड शिक्षा अधिकारी गीदम, खंड श्रोत समन्वयक गीदम संकुल प्राचार्य, सर्व समन्वयक उपस्थित थे।

# पुलिस और जनता के बीच विश्वास सबसे बड़ी ताकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 8 जुलाई को साप्ताहिक बाजार मोदकपाल में मावा पुलिस केतुल अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति, सामुदायिक पुलिसिंग एवं जनसहभागिता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर यातायात नोडल अधिकारी एवं उप पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू, थाना प्रभारी मोदकपाल आकाश मसीह, रोड सेफ्टी सेल के अवध सिंहा, महिला प्रधान आरक्षक कावेरी मंडावी, थाना मोदकपाल का पुलिस स्टॉफ, डीआरजी के जवान तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान रोड सेफ्टी सेल के अवध सिंहा ने ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात यातायात नोडल अधिकारी विनीत कुमार साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, आर्थिक स्थिति और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आजकल अपराधी मोबाइल फोन, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### प्रारंभिक परीक्षा 12 को नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा में लगभग 1,908 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा दुर्गेश शोरी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जनकल्याण संस्था ने मरीजों को बांटे फल



**दुर्गुकोंदल।** समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए परलकोट जनकल्याण सामाजिक संस्था ने बुधवार को कोयलीबेड़ा एवं दुर्गुकोंदल के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती मरीजों के बीच पहुंचकर फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संस्था के सदस्यों ने मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा सकारात्मक सोच बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अस्पताल प्रबंधन ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य मरीजों का मनोबल बढ़ाने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने भी संस्था के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था प्रमुख प्रशांत कुलु ने कहा कि समाज सेवा ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। मरीजों के बीच पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाना भी सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी संस्था जनहित और समाज कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष मोहन मंडल, सचिव दशरथ एक्का, देव विश्वास, सुजीत मजूमदार, सूरज एक्का, ब्लॉक पदाधिकारी मनोज सरकार, सर्वजीत बैरागी, अमृत हलदल, राकेश मंडल सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### वेदांत दीक्षित ने संभाला पदभार



**जगदलपुर।** बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के नवनियुक्त अध्यक्ष वेदांत दीक्षित ने मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के पश्चात कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के दौरान समर्थकों ने वेदांत दीक्षित का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें पुनः इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि वेदांत दीक्षित इससे पूर्व भी बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनके अनुभव एवं कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः इस दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारिता के क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों एवं समितियों के हित में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# शाहवाड़ा स्कूल में सड़क, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर किया सचेत

## 200 विद्यार्थियों को मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चौकी हल्बा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहवाड़ा में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, महिला सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्री माल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर योगेश साहू के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया।

यातायात प्रभारी दीपक साव एवं यातायात पुलिस बल ने विद्यालय में जागरूकता कक्षा का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम, विभिन्न यातायात संकेतों का महत्व, ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की आवश्यकता, ओवरस्पीडिंग से होने वाले खतरे तथा शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो दिखाकर छात्रों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को राहवीर योजना की भी जानकारी दी गई।



### 25 हजार की प्रोत्साहन राशि दी

बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम ने छात्र-छात्राओं को बाल अपराध, महिला संबंधी अपराध, गुड टच-बैड टच, अभिव्यक्ति ऐप तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा नहीं करने और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने यातायात नियमों एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।

## 27 प्रतिशत आरक्षण और जनगणना में अलग ओबीसी कॉलम की मांग

# सर्व पिछड़ा समाज की कार्यकारिणी को भंग करने पर हुआ भारी हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा ने संगठन के भीतर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। बैठक के तुरंत बाद दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों ने संगठनात्मक टकराव को खुलकर सामने ला दिया है।

बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में संगठन से जुड़ा बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की गई। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संगठन के नाम और लेटरपैड का कुछ लोगों द्वारा निजी हितों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा था, जिससे संगठन की छवि प्रभावित हो रही थी। इसी कारण नया पंजीयन कराने के बाद संगठन के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। अब एक विशेष कोर कमेटी प्रदेशभर में संगठन के पुनर्गठन और आंदोलन का नेतृत्व करेगी। हालांकि यह फैसला सामने आते ही संगठन के भीतर मतभेद भी खुलकर सामने आ गए। संभागीय सचिव किशोर दीवान द्वारा जारी पत्र में 8 जुलाई को प्रस्तावित बैठक को स्थगित करने की जानकारी देते हुए कहा गया कि बैठक जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों की सहमति के बिना बुलाई गई थी। पत्र में जिला अध्यक्ष के खिलाफ शिकायतों का भी उल्लेख करते हुए कहा गया कि सभी लंबित मामलों का समाधान सहमति से आयोजित अगली बैठक में किया जाएगा।



### प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करने का अधिकार नहीं

प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने बैठक में लिए गए निर्णयों को संगठन के संविधान के विपरीत बताते हुए स्पष्ट कहा कि संभागीय पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष अथवा प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि संगठन पूरी तरह सक्रिय और मजबूत है तथा प्रदेशभर में विभिन्न समाजों के लोग इससे जुड़े हुए हैं। उनके अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा वैधानिक नहीं है।

### संगठन की आगामी बैठक पर सभी की निगाहें

इस घटनाक्रम के बाद छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के भीतर दो अलग-अलग दावे सामने आ गए हैं। एक पक्ष बैठक में लिए गए निर्णयों को वैध और समाजहित में बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष उन्हें संगठन के संविधान के विपरीत बता रहा है। ऐसे में अब सबकी निगाहें संगठन की आगामी आधिकारिक बैठक और आगे की रणनीति पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि संगठन की वास्तविक दिशा और नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा।

### बुधवार को हुई बैठक में लिए गए निर्णय

भानुप्रतापपुर में आयोजित 8 जुलाई को संभाग स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि ओबीसी समाज की प्रमुख मांगों 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली तथा जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम को लेकर प्रदेशव्यापी जनआंदोलन चलाया जाएगा। निर्णय के अनुसार आंदोलन का पहला चरण 19 अगस्त को कांकेर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन, इसके बाद बस्तर संभाग के सभी जिलों में क्रमवार आंदोलन, जिला स्तर के बाद संभागीय और फिर प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए टिकेश्वरी जैन ने कहा कि सर्व ओबीसी समाज का गठन ही 27 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। वरिष्ठ पदाधिकारी हरेश चक्रधारी ने कहा कि जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं होने से समाज की वास्तविक आबादी का आंकड़ा सामने नहीं आ पाता, जिससे राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नीतिगत भागीदारी प्रभावित होती है।

## ब्रेथ एनालाइजर मशीन मुंह में लगाकर देखा गया चालक शराबी तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

- बाइक चलाते मोबाइल में बात करते धरे गए युवा
- नियम तोड़ने पर 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई
- बस्तर पुलिस का एनएच-30 में चला जांच अभियान

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े के निर्देश पर पुलिस ने भोंड जोड़ान, नेशनल हाईवे-30 में जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रक, बस, मेटाडोर, पिकअप एवं बाइक सवारों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

पकड़े गए वाहन चालकों में बिना नंबर प्लेट बाइक, तीन सवारी बाइक चलाने तथा मोबाइल में बात करते हुए वाहन चलाने वाले शामिल हैं। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों एवं कार चालकों को सीट बेल्ट न बांधने पर यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर समझाइश दी गई।

वहीं ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों के चालकों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीकर वाहन चलाने की जांच की गई। चालकों को मुंह में मशीन लगाकर फूंक मारने के बाद ही आगे जाने दिया गया।



पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इस अभियान के दौरान बस्तर थाना के प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार बखला, एएसआई चतुरराम बघेल, प्रधान आरक्षक ओमकार नाथ पात्र, पारेश्वर मल्लो, सैनिक जालंधर बघेल, मेजर सहित जवान उपस्थित थे।

## कोदागाँव एक व दो में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को संकुल कोदागाँव 1 एवं कोदागाँव 2 में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संकुल समन्वयकों, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं अध्ययन सामग्री वितरित की गईं। वहीं पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलें प्रदान की गईं। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण भी किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समृद्ध और आत्मनिर्भर समाज की आधारशिला है। उन्होंने पालकों से बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा जागरूकता से जुड़े प्रेरक नारों के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया गया। समापन अवसर पर सभी ने गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।



कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष कुबल सिंह भुसखारे, जिला पंचायत सदस्य गुप्तेस उसेंडी, वीरसिंह जैन, महेश उइके, सरपंच सतबति आचला, सरिता नेगी, हेमन अमरिया, कुमारी साहू, कल्पना जैन, बीरेंद्र उइके, शनेसिह उइके, हेमलता उइके, प्रेमबत्ती पोर्ते, बिरेन्द्र पोर्ते, शत्रुघ्न देहारी, विनोद नेताम, नन्दकिशोर आड़े, लिलेश्वर माहवे, लछुराम कावड़े, रॉकेश महंत, योगिता महावीर, सुधा उइके, वीरेन्द्र नाग, सतीश वर्मा, पवीण तम्बोली, ज्योति साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चटिया मिल और मशरूम उत्पादन से सविता को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिदेसर निवासी सविता साहू आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। महानदी महिला क्लस्टर संगठन माकड़ीखूना के अंतर्गत संचालित गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य सविता साहू ने बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी है।

सविता साहू ने बताया कि समूह में जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी। परिवार का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना कठिन था। स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की इच्छा होने के बावजूद आर्थिक संसाधनों की कमी थी। सविता साहू ने बताया कि बिहान योजना के बारे में जानकारी मिलने पर गायत्री स्व सहायता समूह से जुड़कर सदस्यता ग्रहण की। समूह में नियमित बचत और बैठकों के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहयोग मिलने लगा। बिहान योजनांतर्गत चक्रीय निधि, प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी प्राप्त हुआ तथा आजीविका गतिविधियों के लिए 60 हजार रुपए की सामुदायिक निवेश राशि का लाभ मिला। बैंक से लेन-देन करना भी सीख गई। समय-समय पर बिहान के बीपीएम, एसी एवं पीआरपी के मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। बैंक से मुद्रा ऋण प्राप्त करने में भी बिहान की टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। बिहान के मार्गदर्शन में सविता साहू ने चटिया मिल एवं मशरूम उत्पादन का व्यवसाय शुरू किया। उनके इस उद्यम से वर्ष 2024-25 में लगभग 03 लाख रुपए की वार्षिक आय प्राप्त हुई, जबकि वर्ष 2025-26 में 01 लाख 21 हजार रूपए अर्जित कर अपने व्यवसाय का विस्तार कर रही है।



# नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म मुख्य आरोपी व सहयोगी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपहृत पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई बोलेरो गाड़ी क्रमांक सीजी 19 बीआर 9838 को भी ज़ब्त कर लिया है। प्रकरण मुख्य आरोपी थाना अंतागढ़ अंतर्गत ग्राम घुमासीमुंडा निवासी 21 वर्षीय विनय नूरेटी चैनू राम नूरेटी, सहयोगी लाटापारा अंतागढ़ निवासी 29 वर्षीय मंजीत उसेंडी पिता श्याम लाल उसेंडी को गिरफ्तार किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के दिन पीड़िता रोज की तरह अपने स्कूल आई हुई थी। इसी दौरान आरोपी विनय नुरेटी अपने साथी मंजीत उसेंडी के साथ बोलेरो वाहन में वहां पहुंचा और नाबालिग को जबरन अपने साथ ले गया। पीड़िता के परिजनों को जब इसकी भनक लगी, तो रिपोर्ट पर अंतागढ़ पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी विनय नुरेटी पिछले कई महीनों से पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना रहा था। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए आरोपियों ने इस अपहरण की वारदात को अंजाम दिया। एसपी के निर्देश पर गठित हुई टीम, तकनीकी विश्लेषण से आरोपी को पकड़ने में कामयाबी मिली। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की मदद से आरोपियों के ठिकाने का पता लगाया। पुलिस ने तत्परता से घेराबंदी कर पीड़िता को सकुशल बरामद किया और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। अंतागढ़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 45/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 49, 64(2)(एम), 65(1), 3(5) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6, 17, 18 के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इस त्वरित कार्रवाई में अंतागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव, उप निरीक्षक आलोक सुबोध, हेमलता परिहार, पीएसआई लता सिंह, नकुल पैकरा, सउनि कन्हैया मरकाम, आरक्षक रोशन नेताम और महिला आरक्षक चांदनी की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही।

## कोटलभट्टी छापरपारा के ग्रामीण तीन साल से परेशान

# सोलर पानी टंकी बना शो पीस, नलजल पाइपलाइन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

कोटलभट्टी छापरपारा के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रेडा विभाग द्वारा लगभग तीन वर्ष पहले लाखों रुपये की लागत से सोलर आधारित पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक नलजल योजना की पाइपलाइन नहीं बिछाई जा सकी है। इससे पूरी योजना निष्प्रभावी होकर केवल शोपीस बनकर रह गई है।

ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम कोटलभट्टी छापरपारा के ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी तैयार होने के बावजूद घरों तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। लोगों को आज भी हैंडपंप और अन्य वैकल्पिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गहरा जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान आयोजित शिविर में इस समस्या को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया था। उस समय संबंधित अधिकारियों ने 15 दिनों के भीतर नल जल पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था।

हालांकि, आश्वासन के करीब दो माह बीत जाने के बाद भी मौके पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा जब उनका समय पर क्रियान्वयन हो।

ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि कोटलभट्टी छापरपारा में शीघ्र नलजल पाइपलाइन बिछाकर सोलर पानी टंकी को चालू किया जाए तथा घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित करते हुए सुशासन तिहार में दिए गए आश्वासन का तत्काल पालन किया जाए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411